षोडश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 चैत्र, 1939 (श0) / 24 मार्च, 2017 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1) स्वास्थ्य विभाग	..	..	02
(2) ऊर्जा विभाग	..	..	01
		कुल योग —	03

परियोजना चालू कराना

21. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 मार्च, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''बारून समेत आठ पनबिजली परियोजनाओं में उत्पादन ठप'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य जल विद्युत् निगम की उदासीनता तथा लापरवाही के चलते औरंगाबाद जिले के बारून समेत रोहतास और अरवल जिले में स्थापित आठ पनबिजली परियोजनाएँ विगत 10 माह से बन्द है जिससे 10 मेगावाट बिजली से वंचित होना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिले के बन्द पड़े पनबिजली परियोजनाओं को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नई मशीन उपलब्ध कराना

22. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सबसे बड़े हृदय रोग का सरकारी अस्पताल इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना में विगत 16 महीनों से ओपेन हार्ट सर्जरी करने संबंधी मशीन खराब रहने के कारण सर्जरी बन्द है जिसके चलते प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर तबके के हृदय रोगियों का ओपेन हार्ट सर्जरी नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सरकारी अस्पताल में अविलम्ब नई मशीन उपलब्ध कराकर ओपेन हार्ट सर्जरी प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिजेरियन डिलिवरी के प्रतिशत को कम करना

23. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 मार्च, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''सरकारी में सिर्फ 1.3 प्रतिशत निजी अस्पतालों में 23 प्रतिशत सिजेरियन डिलिवरी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सरकारी अस्पतालों में 2015-16 तथा 2016-17 में क्रमशः 1533659 एवं 1305532 बच्चों का जन्म हुआ जिसमें से क्रमशः 20352 एवं 18667 बच्चों का जन्म ऑपरेशन से हुआ जो कुल जन्मे बच्चों का 1.3 प्रतिशत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के प्राईवेट अस्पतालों में 2015-16 एवं 2016-17 में क्रमशः 99647 तथा 45910 बच्चों का जन्म हुआ जिसमें में क्रमशः 23409 तथा 13553 बच्चों का जन्म ऑपरेशन से हुआ जो कुल जन्में बच्चों का 23 प्रतिशत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राईवेट अस्पतालों में सिजेरियन डिलिवरी के बढ़ते प्रतिशत को रोकने हेतु कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 24 मार्च, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 148-डी0टी0पी0-500